**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1290

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

## दरभंगा, बिहार में केन्द्रीय विद्यालय

**1290. श्री गोपाल जी ठाकुरः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का दरभंगा के बेनीपुर और बिरूल ब्लॉक में, जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या गत कुछ वर्षों से भवन नहीं होने के कारण दरभंगा एयर फोर्स स्टेशन में एक केन्द्रीय विद्यालय अस्थायी रूप से संचालित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का लहरीया सराय में केन्द्रीय विद्यालय संचालित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख) : नए केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु प्रस्तावों पर केवल तभी विचार किया जाता है यदि वे भारत सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित हों और उनमें नया केवि स्थापित करने किए जाने के लिए अपेक्षित संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ सरकार का आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता हो। नये केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को 'चुनौती पद्धति' के अंतर्गत अन्य प्रस्तावों से प्रतिस्पर्धा भी करनी पड़ती है।

अब तक बिहार सरकार से दरभंगा के बेनीपुर और बिरूल ब्लॉक में नये केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) : जी, हां। केवी नं. 2 दरभंगा, (बिहार) अस्थायी रूप से केवी नं.1 एएफएस दरभंगा, बिहार की दूसरी पाली के स्थायी स्कूल भवन में चल रहा है।

इस केंद्रीय विद्यालय के लिए स्थायी स्कूल भवन प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई इस प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा मानकों के अनुसार केवि के नाम पर उचित भूमि का न्यूनतम पांच एकड़ अंतरित करने और पर्याप्त निधि की उपलब्धता के बाद की जा सकती है।

(घ) : बिहार राज्य सरकार ने पांच एकड़ भूमि की न्यूनतम आवश्यकता के स्थान पर मौजा-तरालाही, ब्लॉक बहादुरपुर में केवल 4 एकड़ भूमि प्रस्तावित की है। अत: केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया है।

*****